हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 29 दिसंबर 2023

04 आधा किमी के सड़क निर्माण के बाद वाहन चालकों को ...



07 अतिक्रमण हटाने के बाद प्रशासन ने रातों रात 9 घंटे...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2800 | 4000 |
| गेहूं 1544 | 2270 | 3011 |
| चना | 4800 | 6310 |
| मसूर | 5100 | 5989 |
| सोयाबीन | 3000 | 4816 |
| सरसों | 4700 | 5960 |
| धान | 1600 | 4210 |
| मूंग | 5100 | 5500 |
| तेवड़ा | 3400 | 3800 |
| मैथी | 4600 | 4600 |
| मक्का | 1980 | 2000 |

## खबर संक्षेप

### विक्रेताओं ने लाइसेंस बनने तक मछली बेचने की अनुमति मांगी

**विदिशा।** फिशरमेन कांग्रेस के पदाधिकारी के साथ मछली विक्रेताओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने कुआखेड़ी और उसके आसपास के क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले मछली विक्रेताओं को पुलिस द्वारा परेशान करने की बात कही। ज्ञापन के जरिए लाइसेंस बनने तक व्यवसाय करते रहने की मांग की गई है। इस पर ज्ञापन ले रहे विष्णु प्रसाद गुप्ता ने कहा कि शासन के नियमों का पालन करें ढंककर मछली का विक्रय करें। यह जानकारी फिशरमेन कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश रैकवार ने दी।


### पीतलमिल क्षेत्र: 12 बच्चे बाल श्रम करते हुए मिले

**विदिशा।** शहर में बालश्रम में संलग्न बच्चों के विषय में कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन और सफ़ल शिक्षा सेवा समिति की शिकायत पर श्रम विभाग की टीम ने कार्रवाई की। जिसमें बच्चों से बालश्रम करवाया जा रहा था। श्रम विभाग की गठित टीम को पीतल मिल मिल और बंटी नगर इलाके में बारह बच्चे बालश्रम करते हुए मिले। टीम ने प्रतिष्ठानों को बालश्रम संबंधी कानूनों की जानकारी देकर बालश्रम न कराए जाने की जानकारी दी। इस अवसर पर कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन से प्रवेश शर्मा, सफ़ल शिक्षा से मनोज कौशल के साथ ही शुभम गुप्ता और अरुण कुशवाह शामिल रहे।

### पात्र परिवारों को पांच साल निःशुल्क खाद्यान्न वितरण कराने के निर्देश

**विदिशा।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल के अनुसार भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत शामिल पात्र परिवारों को 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2028 पांच वर्षों के लिए निःशुल्क खाद्यान्न वितरण कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। अन्त्योदय परिवार को 35 किलोग्राम प्रति परिवार, प्राथमिकता परिवार को 5 किलोग्राम प्रति सदस्य निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। माह जनवरी 2024 से दिसबंर 2028 तक उचित मूल्य दुकानों पर भी खाद्यान्न का प्रदाय निःशुल्क कराया जाए।

## सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंडक, रात के तापमान में होगी गिरावट



**विदिशा।** पश्चिमी विक्षोभ के चलते पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। हवाओं का रुख बदलने के चलते तापमान में उतार चढ़ाव का सिलसिला जारी है। सुबह से आसमान में बादल छा रहे हैं। वहीं ठंडी हवा चलने से तेज ठंड का असर बना हुआ है । मौसम में बार बार हो रहे परिवर्तन के चलते जहां सर्दी खासी के मरीज सामने आ रहे हैं, सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। बीते दिन जहां अधिकतम तापमान 26.5डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहा था। वहीं आज अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में मौसम में परिवर्तन देखने को मिलेगा रात के तापमान में और गिरावट होगी। वहीं किसानों को फसल की चिंता सताने लगी है। फसलों में माहू, इल्ली का प्रकोप और सूखा रोग हो गया। जिसके कारण फसल सूख रही है। किसान जसवंत सिंह दांगी का कहना है कि बार बार मौसम के बदलने से फसल में माहू और इल्ली का प्रकोप है। वहीं खेतों में सूखा रोग हो गया है। सूखा रोग होने से पौधे सूख रहे हैं। यदि एक-दो दिन में मौसम साफ नहीं हुआ तो इसका प्रकोप तेजी से बढ़ेगा।

## चाचा की छेड़खानी से तंग आकर छात्रा ने खाया जहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

गर्ल्स कॉलेज में पढ़ने वाली 18 वर्षीय एक छात्रा कॉलेज गेट पर जहरीली दवा खाकर गिर गई। अन्य छात्राओं और कर्मचारियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। छात्रा के पास एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने अपने चाचा के ऊपर छेड़खानी का आरोप लगाया है।

छात्रा बीए फर्स्ट ईयर की छात्रा है। ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण इलाके से वह विदिशा जिला गर्ल्स कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। घटना की जानकारी लगते ही गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य नीता पांडे भी अस्पताल पहुंची।

उन्होंने छात्रा की तबीयत की जानकारी ली और परिजनों को उसकी हालत के बारे में बताया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी आशुतोष सिंह राजपूत मौके पर पहुंचे और छात्रा का बयान दर्ज किया। पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर लिया है। टीआई आशुतोष सिंह राजपूत ने बताया कि छात्रा ने कॉलेज परिसर में चूहा मार दवा खा ली थी। उसके बयान लिए जा रहे हैं। छात्र ने चाचा ऊपर छेड़खानी का आरोप लगाया है।

## दहेज प्रताड़ना : पति, जेठ, जेठानी और ननद को 6-6 माह की सजा

### पिता से पांच लाख रुपए लाने की कर रहे थे मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

दहेज की मांग कर पति तथा ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित करने वाले आरोपियों को न्यायालय ने 6-6 माह के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय मोना शुक्ला पाण्डे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने आरोपी विजय मालवीय आदि को सजा से दंडित किया।

प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी गार्गी झा द्वारा की गई। फरियादी द्वारा 10 जुलाई 2021 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी की उसका विवाह इटारसी निवासी विजय मालवीय के साथ हुआ था। विवाह में उसके पिता द्वारा सामर्थ्य अनुसार सामान दिया था। जब वह अपने ससुराल गई तो पति विजय, जेठ अजय, जेठानी आकृति, ननद नीलू उर्फ किरण ने कम दहेज लाने का कहकर उसके साथ दुर्व्यवहार एवं मारपीट की और पिता से 5 लाख रुपए लेकर आने को कहा। 23 मार्च 2021 को पति, जेठ-जेठानी व ननद ने गाली-गलौच की। जिसकी रिपोर्ट उसके द्वारा थाना इटारसी में की गई। जहां फरियादी के पति ने उसे यह आश्वासन दिया कि वह उसे सही रखेगा और उसे वापस ले गया।

इसके बाद भी पति विजय मालवीय ने जेठ अजय के कहने पर अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर दी। पत्नी ने मारपीट की रिपोर्ट कोतवाली थाना विदिशा में दर्ज करा दी। प्रकरण विवेचना में लिया गया तथा फरियादी व अन्य साक्षियों के कथन हुए। विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया।

### ब्लेड व चाकू मारने वाले आरोपियों को सजा

**विदिशा।** सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने ब्लेड से हमला करने वाले आरोपी को 5 साल की सजा सुनाई है। ग्राम खरी सेमरा में फरियादी विकास रघुवंशी अपने दोस्त नितेश रघुवंशी के साथ पैदल जा रहा था तभी आरोपी ऋतिक रघुवंशी, आकाश धाकड़ ने मारपीट की। रितिक ने धक्का देकर जब से चाकू निकाल कर नितेश को मारने लगा। विकास ने ऋतिक को पकड़ा तो आकाश धाकड़ ने धारदार ब्लेड से उसके सीने में मारकर चोट पहुंचाई। चाकू लगने से नीतेश को चोट आई। रामकृष्ण रघुवंशी , मोहन रघुवंशी गांव के अन्य लोगों ने नीतेश को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे भोपाल रेफर किया गया। घटना की रिपोर्ट फरियादी विकास ने थाना गुलाबगंज में दर्ज कराई थी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही गांव-गांव

## ड्रोन उड़ाकर किसानों को कीटनाशक दवाओं के छिड़काव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विदिशा की ग्राम पंचायत सुनपुरा, करारिया और मूडरा गणेशपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विदिशा विधायक मुकेश टंडन समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा विदिशा जनपद सीईओ प्रमोद कुमार खरे ने कार्यक्रम की शुरूआत की।

जनप्रतिनिधियों कने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। दोनों ग्राम पंचायतों में जिले को आवंटित आईईसी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश पहुंचाया गया। ग्राम पंचायत सुनपुरा समेत अन्य ग्राम पंचायतों में विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने उपस्थित ग्रामीणजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा तहत निर्धारित प्रारूप की शपथ का वाचन कराया। ग्राम पंचायत सुनपुरा में ड्रोन डेमोंसट्रेशन भी किया गया। ड्रोन डेमोंसट्रेशन कर कीटनाशक दवाओं का खेतों में छिड़काव की जानकारी किसानों को दी गई। विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने तीनों ग्राम पंचायत में पहुंचकर कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणजनों को संबोधित कर भारत सरकार द्वारा आमजनों के हितों में चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने स्वास्थ्य कैंप का निरीक्षण कर स्वास्थ्य की जांच भी कराई।



**विदिशा।** जिले की ग्राम पंचायत करारिया लश्करपुर, मढ़िया सेमरा और उदयपुर में कृषि विभाग द्वारा ड्रोन डेमोंसट्रेशन किया गया।



### शमशाबाद में विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने किया कार्यक्रम शुभारंभ



जिले की ग्राम पंचायत भाटनी, सियालपुर, बनारसी, मढ़यिा सेमरा, माला, उदयपुर, पवई, बिशनपुर, गुलाबगंज, करारिया लश्करपुर समेत अन्य ग्राम पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य उपचार कैंप भी लगाया गया जहां ग्रामीण जनों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया।

### फसल बीमा योजना: 31 तक कर सकते हैं आवेदन

**विदिशा।** फसल बीमा योजना में किसान 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकेंगे। कृषि उपसंचालक केएस खपेड़िया ने बताया अधिसूचित पटवारी हल्का की असिंचित फसल के लिए ऋणी, अऋणी और डिफाल्टर किसान आवेदन पत्र सहघोषणा पत्र भरकर प्रीमियम जमा कर सकते हैं। अऋणीऔर डिफाल्टर किसान फसल बुवाई प्रमाण पत्र हल्का पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव या स्वप्रमाणित कर जहां बैंक खाता है और लोकसेवा केंद्रों के माध्यम से भी प्रीमियम राशि जमा करा सकते हैं।

### 19 पंचनिर्विरोध निर्वाचित

**विदिशा।** जिले की छह जनपद पंचायतों में बीस पंच पदों के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण हुई है। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि तक स्पष्ट स्थिति के अनुसार 19 पंच पदों के लिए एक-एक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त होने के फलस्वरूप निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

### नीति आयोग से संबंधित कार्यों की जानकारी ली

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** नीति आयोग के द्वारा आकांक्षी जिलों में संपादित किए जा रहे कार्यों का जायजा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से लिया गया है। विदिशा के एनआईसी व्हीसी कक्ष में प्रभारी कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने विदिशा जिले में आकांक्षी जिला व ब्लाक हेतु निर्धारित मापदंडों के अनुसार संपादित कराए गए कार्यों की जानकारियों से अवगत कराया है।

## चावल से भरा ट्रक पलटा, क्लीनर गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

खरी गांव में गुरुवार को एक ट्रक हादसे का शिकार हो गया।

हादसे में ट्रक क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार खरी गांव के मोड़ पर चावल से भरा एक ट्रक पलट गया। बताया गया कि ट्रक उमरिया से चावल भरकर झालावाड़ जा रहा था। ट्रक में 35 टन चावल भरा हुआ था।



खरी के मोड़ पर सामने मवेशी आ गए। जिसको बचाने में ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और उसमें भरी चावल की बोरियां बिखर गईं। इस हादसे में ट्रक क्लीनर को गंभीर चोट आई हैं। जिसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बीस हजार से अधिक मूल्य की शराब जब्त

**विदिशा।** जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही के मार्गदर्शन में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सहायक आबकारी अधिकारी राहुल ढोंके ने बताया कि गुरारिया हवेली रोड पर ग्राम कालापाठा से आरोपी नवल सिंह लोधी पुत्र श्यामलाल लोधी से 315 पाव देशी शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण कायम किया गया है।

## विधायक के पास पहुंचे फलों का ठेला लगाने वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

बसस्टैंड और सब्जी मंडी के बाहर सड़क पर फल सब्जी का ठेला लगाने वाले विक्रेताओं को यातायात पुलिस द्वारा सड़क किनारे से हटाया जा रहा है। गुरुवार को ठेला संचालक विधायक मुकेश टंडन के पास पहुंचे और अपनी समस्या बताई। ठेला संचालक मांग कर रहे हैं की उन्हे उसी स्थान पर ठेला लगाने दिया जाए। जबकि सड़क किनारे ठेले खड़े होने के कारण बस स्टैंड क्षेत्र में बार बार जाम की स्थित बन जाती है। वहीं कलेक्टर उमाशंकर भार्गव द्वारा भी शहर की सड़कों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। विधायक मुकेश टंडन ने ठेला संचालकों को इस संबंध में बात कर समस्या का हल निकालने का आश्वासन दिया है।



## कांग्रेसियों ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया, राष्ट्रगान हुआ



**विदिशा।** गुरुवार को कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान भी हुआ। इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश कटारे, पूर्व विधायक शशांक भार्गव सहित कई पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के हित में काम करने की शपथ ली। इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव को कांग्रेस पार्टी को जिताने की रणनीति पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया की कैसे कांग्रेस की स्थापना आम आदमी के हितों की सुरक्षा के लिए की गई और तत्कालीन ब्रिटिश राज के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने लोगों के हितों के लिए संघर्ष किया और आजादी की लड़ाई लड़ी। स्थापना के बाद से कांग्रेस का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। देश की आजादी के बाद कांग्रेस सत्तासीन हुई और पंडित जवाहर लाल नेहरु के नेतृत्व में देश के विकास के लिए बहुआयामी योजनाएं शुरु की गई।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन 18 गांव में पहुंचेगी

**विदिशा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत विदिशा जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्धारित रूट चार्ट अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का जारी रूटचार्ट कार्यक्रम अनुसार शुक्रवार 29 दिसम्बर को जिन विकासखण्डो के ग्रामो में आईईसी वैन पहुंचेगी के शेडयूल अनुसार बासौदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत फरीदपुर, कागीकिर्रोदा, देरखी, सहाबा तथा ग्यारसपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मोहम्मदगढ़, चीकली, नादौर, सिमरहार एवं कुरवाई जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पनावर, केथोरा, लटेरी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत वीरपुरकलां, ईसरवास, नटेरन जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रायखेडी, सकराई, सिरोंज जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रूसल्लीदामा, सोना एवं विदिशा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत देवखजूरी आदि गांव पहुंचेगी।

### पॉजिटिव सोच के साथ जिंदगी में हर मुकाम तक आप पहुंच सकते हैं

## ऐश्वर्या का सहायक संचालक पद पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जो काम आपको पसंद हैं वो ही काम करें। जिंदगी जीने का एक उद्देश्य स्थापित करें। निगेटिव लोगों को हमेशा अपनों से दूर रखें क्योंकि वे ही आपकी सफलता में सबसे बड़े बाधक हो सकते हैं। पॉजिटिव सोच के साथ जिंदगी में खुशी को हासिल करने के हर मुकाम तक आप पहुंच सकते हैं। यह कहना है शहर की बेटी ऐश्वर्या मूंदड़ा का।

ऐश्वर्या का एमपी पीएससी से सहायक संचालक शिक्षा विभाग में सिलेक्शन हुआ है। जैसे ही उन्हें रिजल्ट का पता चला तो उनके परिजन और वे खुश हो गए। हालांकि ऐश्वर्या का 7 महीने पहले जून में 2020 एमपी पीएससी के रिजल्ट में अस्सिटेंट ट्रैज़री ऑफिसर के लिए सिलेक्शन हो गया था। ऐश्वर्या शहर के बरईपुरा निवासी किशोर मूंदड़ा की बेटी हैं। पिता निजी फर्म में एकाउटेंट हैं। वहीं दो बड़े भाई इंजीनियर हैं। फिलहाल ऐश्वर्या भोपाल की एक कोचिंग में सिविल सर्विस की तैयारी करने वाले युवाओं को पढ़ाती हैं। वहीं अस्सिटेंट ट्रैज़री ऑफिसर में सिलेक्शन के बाद अभी ज्वाइन नहीं किया था।



### शिशु मंदिर तलैया से की पढ़ाई की

ऐश्वर्या ने विदिशा के सरस्वती शिशु मंदिर तलैया से 2013 में 12वीं की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद एसएटीआई से 2017 में सिविल ब्रांच से बीटेक किया। इंजीनियरिंग की डिग्री के बाद उन्होंने एक साल प्राइवेट जॉब किया। इस दौरान मां ने ऐश्वर्या से ऑफिसर बनकर खुद को साबित करने के लिए कहा। मां का सपना पूरा करने के लिए 2018 से उन्होंने सिविल सर्विस की तैयारी शुरू की।

### मां के निधन से टूट गई थी ऐश्वर्या

कैंसर की बीमारी के बाद ऐश्वर्या की मां शांति देवी का नवंबर 2021 में निधन हो गया। वे बताती हैं कि वो दीवाली का दिन था। मेरा सिर्फ प्री-एग्जाम हुआ था। मां से बहुत लगाव था, इसलिए उनकी मौत ने मुझे अंदर से बहुत कमजोर कर दिया। कई दिन तक परेशान रही। फिर मुझे लगा कि मां का सपना ऐसे पूरा नहीं होगा। इसके बाद उन्होंने मन लगाकर पढ़ाई शुरू की।

### जिले भर के स्कूलों के शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**विदिशा।** शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा उमंग हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के तहत जिलेभर के विभिन्न स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत किशोर बालक बालिकाओं में शारीरिक और मानसिक बदलाव के बारे में उन्हें सिखाया जा रहा है। ताकि पढ़ाई के साथ.साथ बच्चों के परिवर्तित वातावरण को भी समझा जा सके। तीन मास्टर ट्रेनर नोडल अधिकारी नीतू वर्मा के साथ प्रशिक्षण को दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले प्रदेश के 32 जिलों में इसे शुरू किया गया था। अब प्रदेश के सभी जिलों में इस कार्यक्रम को लागू किया गया है। किशोर बच्चे बच्चियों में शारीरिक व मानसिक बदलाव के बारे में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2548
उच्चतम भाव-3900
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2280
उच्चतम भाव-3191
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2340
उच्चतम भाव-2421
चना
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5640
मसूर
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-6200
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-4760
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-4650
सरसों
न्यूनतम भाव-4771
उच्चतम भाव-5205
उड़द
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7000
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-4240
तुअर
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-6500
ज्वार
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-7100
मूंग
न्यूनतम भाव-6800
उच्चतम भाव-6800
धना
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-5900
बटरी
न्यूनतम भाव-3240
उच्चतम भाव-3240

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 21450 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### चना में इल्ली, मसूर में सूखा रोग का प्रकोप

**गंजबासौदा।** बारिश होने से क्षेत्र के अधिकतर किसानों ने रबी सीजन में चना-मसूर की बोवनी की है। अब इस फसल में सूखा रोग एवं इल्ली का असर नजर आ रहा है। मसूर फसल पर लगे सूखा रोग को देखकर किसान चिंतित हो रहे हैं। इस रोग के चलते कई खेतों में चना-मसूर की फसल सूखकर मुरझाने लगी है।

### कलावती शर्मा का निधन

**गंजबासौदा।** सीताराम शर्मा की धर्मपत्नि एवं नीरज शर्मा, पंकज शर्मा की माताजी एवं आराध्य दंडोतिया की दादीजी कलावती शर्मा का गत दिवस निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा गुरुवार को दोपहर के समय निज निवास लक्ष्मीनारायण मंदिर गली से शमशान घाट को निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### एसडीएम विजय राय ने किया निरीक्षण, कई दिन बंद रहेगा आवागमन

# आधा किमी के सड़क निर्माण के बाद वाहन चालकों को होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






पलोड पेट्रोल पंप वाली पुलिया से मील रोड की ओर जाने वाली सड़क का करीब आधा किलोमीटर का निर्माण कार्य नपा द्वारा चालू करवा दिया गया है। इस मार्ग का निर्माण पहले रह गया था, जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब आधा किलोमीटर के दायरे में यहां सीसी निर्माण कराया जा रहा है।

नगरपालिका सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि कई साल पहले यहां डामर रोड था। लेकिन आसपास के घरों से निकलने वाले पानी के कारण वह टिक नहीं पाया था। जिस कारण आधा किलोमीटर के हिस्से में गड्ढे हो गए थे और सभी को परेशानी उठाना पड़ रही थी। अब पुलिया से इस रोड की ऊंचाई बढ़ाई जा रही है और आगे चलकर इसको लेबलिंग कर मिलवा दिया जाएगा। ताकि यह सीसी ऊंची नीची ना हो। देवेंद्र यादव ने बताया कि इस सीसीकरण को पूरा होने में एक माह लगेगा और तब तक के लिए यह मार्ग बंद किया गया है ताकि इसका निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध कराया जा सके। यहां से निकलने वाले वाहन चालकों की सुविधा को देखते हुए सुलभ कांप्लेक्स के बगल से बने कच्चे मार्ग से वाहनों के निकलने की व्यवस्था की गई है। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सरदार अहिरवार का कहना है कि नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव से निर्माण कार्य को शीघ्र कराए जाने का अनुरोध किया गया था। जिसके बाद उनके द्वारा निर्माण कार्य चालू करवा दिया गया है। इस सीसी करण निर्माण कार्य का गुरुवार को एसडीएम विजय राय ने निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जेई मदन अहिरवार, यातायात प्रभारी आशीष राय के अलावा अन्य लोग भी मौजूद थे।

निरीक्षण करते समय एसडीएम विजय राय ने सड़क के चौड़ीकरण पर जोर दिया। साथ ही बीच में आ रहे विद्युत खम्बों को भी हटाये जाने के लिए विद्युत कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों से कहा। एसडीएम विजय राय ने यह भी कहा कि आधा किलोमीटर के इस सड़क निर्माण कार्य में आ रहे अतिक्रमण को भी प्रभावी रूप से हटा दिया जाए। ताकि सीसी कारण में कोई व्यवधान उत्पन्न ना हो और सडक निर्माण के बाद वाहन चालकों को आवागमन में असुविधा न हो। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार यशपाल यादव, नपा के उपयंत्री सौरभ श्रीवास्तव, मयंक शाह, सनी व्यास, रोहित व्यास आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन के कार्यालय पुराना मेला ग्राउंड में कांग्रेस पार्टी का 139 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें कांग्रेस परिवार के सभी वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक निशंक कुमार ने कांग्रेस के 138 वर्ष पूर्व हुए गठन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कांग्रेस ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसका गठन देश को स्वतंत्रता प्राप्त कराने के उद्देश्य से हुआ था। इस अवसर पर निशंक कुमार जैन, रवि तिवारी, विकास शर्मा, सुनील बाबू पिंगले, प्रकाश मिश्रा, घनश्याम शर्मा, जगदीश व्यास, मणिभाई अहिरवार, राजकुमार सेन, खिलान सिंह रघुवंशी, ओमकार सिंह दांगी, रवि यादव, बंटी गुर्जर, कृष्ण मोहन शर्मा, अजय गुर्जर, जोएब हसन, अंसार मंसूरी, गोविन्द गुर्जर, श्वेता जैन, राजकुमारी रैकवार, धारूसिंह गुर्जर, खेमचंद्र मीणा, बृजेश लोधी, रामेश्वर लोधी, धीरज कुशवाह, आकाश राजपूत, अभिषेक दीक्षित,अभय विश्वकर्मा, शाहिल जैन आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता बीडी शर्मा द्वारा दी गई। कार्यक्रम में अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कांग्रेस के स्थापना एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसके अलावा आगामी दिनों में राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं लोक सभा चुनावों की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई।

# बिल राशि बकाया होने पर एक दर्जन पंप लाइन ट्रांसफार्मरों के कनेक्शन काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों सिंचाई कार्य तेजी से चल रहा है। किसान सिंचाई में विद्युत का भी जोर शोर से उपयोग कर रहे हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश किसान विधिवत विद्युत कनेक्शन लिए बिना ही विद्युत मोटरें चला रहे हैं। वहीं जिन किसानों के निजी विद्युत ट्रांसफार्मर हैं वे भी काफी बकाया बिल होने के बावजूद भुगतान किए बिना विद्युत का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे ही बकायादारों की जांच के लिए गत दिवस विद्युत कंपनी के डीई राजू भामोर ने ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण किया। जिसमें उन्होंने विभिन्न गांवों के करीब एक दर्जन ट्रांसफार्मरों के कनेक्शन काटे और अवैध रूप से विद्युत का उपयोग कर चलती पाई गईं पांच मोटरें पकडीं। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

उल्लेखनीय है कि विद्युत कंपनी द्वारा पिछले कुछ माह से ग्रामीण क्षेत्र में नियमित जांच करते हुए विद्युत चोरी पकडने के साथ ही किसानों की रसीदें बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत त्योंदा ग्रामीण सब स्टेशन, विदिशा एवं भोपाल की विजिलेंस टीम, गंजबासौदा सब डिवीजन के अधिकारियों की टीम समय समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में जांच एवं कार्रवाई करती रहती है। इसके बावजूद कई किसान चोरी की विद्युत से मोटरें चला रहे हैं। ऐसे किसानों की जांच के लिए एवं बकाया बिल राशि की वसूली के लिए अब विद्युत कंपनी ने एक बार फिर सघन जांच एवं कार्रवाई अभियान शुरू कर दिया है। गत दिवस इसी अभियान के तहत गंजबासौदा डिवीजन के डीई राजू भामोर, लाइन मैन किशोर, वीरेन्द्र मैना, भीकम सिंह यादव, हरिओम, राजू अहिरवार के साथ ग्राम स्यारी, बसरिया, छीपनी, कथरी, नेगमा पिपरिया आदि गांवों में जांच के लिए पहुंचे। इस दौरान इन गांवों में पांच हजार रूपए की बकाया बिल राशि की वसूली के लिए सिंचाई के लिए रखे निजी ट्रांसफार्मरों की जांच की गई। इस दौरान करीब एक दर्जन ट्रांसफार्मरों की बिल राशि पांच हजार रूपए से अधिक की बकाया पाई गई। जब किसानों ने बकाया राशि जमा करने में आनाकानी की तो ट्रांसफार्मर के विद्युत कनेक्शन काटे गए।

उधर इस टीम ने विद्युत से चल रही मोटरों की भी जांच की। इस दौरान पांच सिंचाई मोटरें अवैधानिक रूप से चलते पाई गईं। इनमें से एक मोटर के लिए किसान द्वारा मौके पर ही रसीद कटवाई गई। जबकि चार के विद्युत चोरी के प्रकरण बनाए गए। अब विद्युत कंपनी का यह जांच अभियान आगे भी अन्य गांवों में जारी रहेगा। इस संबंध में कंपनी के डीई राजू भामोर का कहना है कि विद्युत चोरी रोकने और बकाया बिल राशि की वसूली के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे कार्रवाई एवं परेशानी से बचने के लिए वैधानिक कनेक्शन लेकर ही सिंचाई के लिए विद्युत मोटरें चलाएं। साथ ही अपने ट्रांसफार्मर के बकाया बिल राशि का भी शीघ्र भुगतान करें।

# सैनिकों के बलिदान पर आधारित गीत सुनाकर किया सभी को भावुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इकाई के वार्षिक शिविर ग्राम आजादनगर का पांचवा दिन संपन्न हुआ। वंदे मातरम मां तुझे प्रणाम विषय पर आधारित कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। जिसमें अतिथियों के तौर पर पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के तौर पर संगठन के अध्यक्ष सेवानिवृत्त सूबेदार एमपी जायसवाल, विशेष अतिथि सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर बीके दीक्षित तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त सूबेदार मदन बाबू शर्मा द्वारा की गई।

संगठन में सेवानिवृत इंस्पेक्टर रामबाबू श्रीवास्तव, हवलदार रामवीर रघुवंशी, हवलदार मुन्नी लाल, नायब सूबेदार एचएस दांगी, हवलदार महेंद्र सिंह दांगी, हवलदार हिम्मत सिंह, हवलदार रामस्वरूप रघुवंशी, हवलदार अजीत सिंह सहित समस्त पदाधिकारी गण मौजूद थे। शिविर में स्वयंसेविका दुबे के द्वारा पारंपरिक नृत्य, वहीं रूपाली लोधी और उनके समूह के द्वारा राष्ट्रभक्ति पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का केंद्र बिंदु स्वयंसेवक अभिनय राजपूत और उनके समूह के द्वारा सैनिकों के बलिदान पर आधारित भावुक गीत था। रासेयो बालक इकाई कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया वहीं स्वयंसेवक निखिल रघुवंशी और स्वयं सेविका दिव्या मिश्रा के द्वारा अतिथियों को तिलक और बैच पहनाया गया। स्वयंसेविका वाणी राठौर , निधि मिश्रा, वरुण विश्वकर्मा द्वारा सरस्वती वंदना और अतिथि स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। देश भक्ति से परिपूर्ण कविताएं गायन और नृत्य से पूरा कार्यक्रम अनेकता में एकता के सूत्र में बंध गया। रासेयो बालिका इकाई कार्यक्रम अधिकारी मेघा शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शिविर में विद्यालय के प्राचार्य समेत समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।

### नशेड़ियों ने एक्टिवा को टक्कर मारी



**गंजबासौदा।** गुरुवार को शाम के समय एक बाइक पर सवार तीन नशेड़ी युवाओं ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बरेठ रोड पर एक स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार युवती घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरेठ रोड पर होटल महाकाल के सामने 18 वर्षीय हंसिका निवासी राघवेंद्र परिसर के पास अपनी एक्टिवा क्रमांक एमपी 40 जेडबी 3240 से जा रही थीं। तभी नशे में धुत बाइक सवार तीन युवकों ने वाहन लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। जिससे एक्टिवा क्षतिग्रस्त हो गई और युवती के सिर में चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार युवक नशे में धुत थे तथा बाइक पर भी शराब की बोतल रखे हुए थे। जिन्हे नागरिकों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया और युवती को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

### एनएसएस का द्वितीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम को किया संबोधित

# एसजीएस में अभिमुखीकरण कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा द्वितीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.मणि मोहन मेहता द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिनकर कद्रे एवं विशेष अतिथि के रूप में पूर्व स्वयंसेवक एवन विश्वकर्मा और विनय सोनी उपस्थित रहे। साथ ही एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सुमनलता गुप्ता, डॉ. विजय शाक्य, डॉ. रेखा जांसल, डॉ. नरेंद्र कौर, मनीष दुबे, शिवानी विश्नोई, डॉ. एलएन दुबे सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजन एवं वंदन से किया गया। शैली विश्वकर्मा, साक्षी शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद लक्ष्मी और विष्णु द्वारा स्वागत गीत गाया गया। इसके बाद स्वयं सेवकों द्वारा कविता पाठ, गीत और नृत्य की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही अतिथियों द्वारा एनएसएस के स्वयं सेवकों को मार्गदर्शन दिया गया। विनय सोनी ने अपने अनुभवों के माध्यम से एनएसएस का महत्व बताया। एवन विश्वकर्मा ने अपनी स्वरचित कविता से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एनएसएस शिविर से होने वाले व्यक्तित्व विकास की ओर सबका ध्यान आकर्षित किया। मुख्य अतिथि दिनकर कद्रे ने विद्यार्थियों को एनएसएस की बारीकियों के बारे में बताया। साथ ही उन्हें प्रश्न करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रश्न करने से ही व्यक्तित्व का विकास होता है। प्राचार्य डॉ. मणि मोहन मेहता ने स्वयं सेवकों को एनएसएस की उपयोगिता के बारे में बताया। साथ ही डॉ. सुमनलता गुप्ता और डॉ. नरेंद्र ठाकुर ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन सृष्टि, वैशाली, भाग्यश्री, कुलदीप द्वारा किया गया। सृष्टि तिवारी, अंजलि झा द्वारा लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया। ज्योति, संजू, अंशिका, राजा बुंदेला ने कविता पाठ किया। साक्षी, शालिनी,प्रार्थना, रिमझिम, साक्षी कुशवाह, आरती, स्नेहा ने नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के आयोजन में धर्मेंद्र, गौरव, अंशिका, निशा, हर्ष, मोनू, आदित्य, प्रथा, फिजान और अन्य स्वयंसेवकों ने भी योगदान दिया। आभार मनीष दुबे ने व्यक्त किया।

### ग्रामीणों ने दिया धरना



**गंजबासौदा।** बनवा जागीर स्थित सब स्टेशन से ग्राम चौरावर सहित आसपास के गांवों में विद्युत प्रदाय व्यवस्थित न होने से परेशान ग्रामीणों ने सब स्टेशन पर धरना दिया। इन ग्रामीणों के अनुसार सब स्टेशन से पर्याप्त वोल्टेज के बिना विद्युत प्रदाय होता है। साथ ही बिना समय विद्युत प्रदाय किया जाता है और अघोषित कटौती की जा रही है।

### एक ही रात में चुराईं तीन बाइक

**गंजबासौदा।** नगर में बीती रात्रि बैहलोट स्थित विश्वंभरा कॉलोनी से अज्ञात चोरों ने तीन मोटरसाइकिल चोरी कर लीं। इस दौरान एक बाइक स्टार्ट न होने पर उक्त गाड़ी को रेलवे किनारे छोड़कर भाग गए। सुबह पीडितों ने बाइक चोरी की शिकायत पुलिस थाने में की। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात अज्ञात बाइक चोरों ने बैहलोट स्थित विश्वंभरा कॉलोनी में कुछ घरों को निशाना बनाया। चोर वहां से संजू कुशवाहा की एक मोटरसाइकिल, रमेश राजपूत की मोटरसाइकिल और सूरज कुशवाह की मोटरसाइकिल चुरा ले गए थे। संभवतः वारदात के बाद सूरज कुशवाह की बाइक स्टार्ट नहीं हो सकी, जिससे चोर उसे रेलवे लाइन के किनारे छोडकर शेष दो बाइक चुराकर ले भागे। जो सुबह बरामद हुई। पीडितों की शिकायत पर पुलिस ने जांच एवं कार्रवाई शुरू कर दी है।

# यातायात पुलिस ने की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



सड़क दुर्घटनाएँ एवं उनमें होने वाली जनहानि को कम करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव के मार्गदर्शन में सूबेदार आशीष राय यातायात प्रभारी द्वारा दो पहिया वाहन चालक द्वारा हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट न धारण करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

विशेष जागरूकता अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई में गुरूवार को अंबानगर चौराहा एवं जय स्तंभ पर वाहन जांच की गई। जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 22 चालान बनाए गए एवं 12100 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान मुख्य रूप से दो पहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का प्रयोग न करना, चार पहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाना, बिना रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट वाले वाहन चलाने वाले चालको पर चलानी कार्रवाई की गई। साथ ही सभी चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहने की हिदायत दी गई। उन्हें समझाया गया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी यातायात नियमों का पालन कर स्वयं अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा का ध्यान रखें। संदिग्ध वाहनों को वीडीपी पोर्टल के माध्यम से चैक किया गया। उक्त जानकारी एसडीओपी मनोज मिश्रा ने दी।

## खबर संक्षेप

### राज्य मंत्री लखन पटेल आज सागर प्रवास पर

**सागर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल आज सागर आएंगे। पटेल 29 दिसंबर को सुबह 8.30 बजे भोपाल से सागर के लिए प्रस्थान कर 10.30 बजे सागर पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात वे अपरान्ह 3.30 बजे गढ़ाकोटा के लिए प्रस्थान करेंगे। पटेल रात्रि 9 बजे दमोह के लिए प्रस्थान करेंगे।

### पंचायत उप निर्वाचन, रेंड माइजेशन व कमिशनिंग की तिथियां घोषित

**सागर।** सागर पंचायत उप निर्वाचन 2023 के लिए ईवीएम मशीनां के रेंड माइजेशन एवं कमिशनिंग की तिथियां घोषित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने बताया कि पंचायत उप निर्वाचन 2023 हेतु एवं डीओ लेवल आरो लेवल का रेंड माइजेशन एवं कमिशनिंग का कार्य आयोग के निर्देशानुसार किया जाना है। उन्होंने बताया कि डी ओ लेवल का रेड माइजेशन कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में 29 दिसंबर को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। आर रो लेवल का रेंड माइजेशन कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में 30 दिसंबर को 12 बजे होगा। जबकि कमिशनिंग की कार्रवाई 12 बजे पुराना वाणिज्यकर कार्यालय पुराना आरटीओ कार्यालय तिली रोड में 31 दिसंबर को दोपहर 12 बजे होगा।

### मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनांतर्गत 50 लाख तक की परियोजनाएं

**सागर।** मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजनान्तर्गत केवल नवीन उद्यमों की स्थापना के लिए देय होगा, इस योजना में केवल अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदको को निर्धारित अर्हता एवं वित्तीय सहायता का प्रावधान होगें। योजना का संचाजन जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा संचालित किया जा रहा हे। योजना के तहत परियोजना सीमा उद्योग इकाई के लिए 1 लाख से 50 लाख रुपए तक की परियोजाएं हैं।

### एक्शन मोड में एसडीएम: शहर के सौंदर्यीकरण के लिए प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ की कार्रवाई

# अतिक्रमण हटाने के बाद प्रशासन ने रातों रात 9 घंटे में किया सड़क का निर्माण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शहर को अतिक्रमण मुक्त व शहर के सौंदर्यकरण को लेकर स्थानीय प्रशासन एक्शन मोड में नजर आ रहा है। गुरूवार की रात्रि प्रशासन ने नगर के बासौदा नाका पर अतिक्रमण हटाकर रातों रात सड़क का निर्माण कार्य कर दिया। सिरोंज के इतिहास में पहली बार तबाडतोड तरीके से अतिक्रमण पर कार्रवाई देखने को मिल रही है। जिसको लेकर शहरवासियों ने भी खुशी जाहिर की। इस अतिक्रमण मुहिम के दौरान प्रशासन ने सौहार्द पूर्ण वातावरण में अतिक्रमण को हटाया साथ ही जहां कब्रिस्तान का अतिक्रमण हटा तो वहीं शमशान घाट का भी अतिक्रमण हटाया गया। इस मुहिम के दौरान कई जगह छोटी मोटी नोंक झोंक भी देखने को मिली। लेकिन इन नौक झौक का अतिक्रमण मुहिम पर कोई असर नहीं देखा गया। वही दलगत राजनीति से उठकर शहरवासियों ने शहर के सौंदर्यकरण एंव शहर को और भी सुदंर बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक की अहम भूमिका रही।

#### बासौदा नाके पर रात्रि में एक्शन मोड में नजर आया प्रशासन

सिरोंज के इतिहास में पहली बार गुरूवार को रात्रि के समय बगैर किसी दबाव के निष्पक्ष रूप से प्रशासन ने न्याय पूर्वक अतिक्रमण हटाया। वहीं शहरवासियों ने दलगत राजनीति से उठकर प्रशासन का पूर्ण सहयोग किया। अतिक्रमण मुहिम को तेज गति में लाने के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी ने पूरी कमान संभाली थी वहीं उनके साथ प्रशासन भी बराबर मुस्तैजी से खड़ा रहा। साथ ही पुलिस एसडीओपी उमेष तिवारी,थाना प्रभारी संदीप पवार,नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाष साहू,उपयंत्री रोहित सिंह तोमर,अखिलेश मार्गों प्रमुख रूप से रात भर अतिक्रमण मुहिम में कार्रवाई करते नजर आए।

#### दिन तो दिन रात में भी नहीं सोया प्रशासन

स्थानीय प्रषासन की विगत कई दिनों से शहर में अतिक्रमण पर कार्यवाही देखने को मिल रही है। नपा अमले ने नगर के प्रमुख चौक-चौराहो पर वर्षो से जमें अतिक्रमण पर कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाया जा रहा है। यदि अतिक्रमण को लेकर पूर्व में हुई कार्यवाही की बात की जाए तो कार्यवाही प्रांरभ होने से पहले ही बंद हो जाती थी। लेकिन इस बार प्रषासन द्वारा चलाई जा रही अतिक्रमण मुहिम अब जब ही बंद होगी जब तक शहर के प्रत्येक चौराहो व मुख्य मार्गो का अतिक्रमण हटेगा। स्थानीय प्रषासन द्वारा दिन तो दिन रात में भी कार्यवाही की जा रही है। बुधवार व गुरूवार की रात्रि नगर के लिंक रोड,बासौदा नाका पर पूरी रात अतिक्रमण पर कार्यवाही करते हुए स्थायी अतिक्रमण हटाया गया। साथ ही रातो रात सड़क चौडीकरण के लिए सड़क निर्माण कार्य कराया गया।

#### 20 फिट चौड़ाई,120 मीटर लंबाई तक हटा अतिक्रमण

शहर के विकास को लेकर तरह तरह के प्रस्ताव लंबे वर्षो से होते रहे और अक्सर प्रषासन दबाव में आकर वह प्रस्ताव भी दबकर रह जाते थें। सिरोंज का प्रमुख केन्द्र बिन्दु बासौदा नाका,लिंक रोड पर लगभग 20 फिट चौडाई व 120 मीटर लम्बाई तक अतिक्रमण शमषान घाट व कब्रस्तानों के आसपास से हटाया गया। तो वहीं इसी वार्ड में लगभग 15 से 20 वर्षों से जमें लोहा पीटा बंजारे अपनी झोपडी बनाकर अतिक्रमण कर निवास कर रहें थे।

#### 9 घंटे में बनी सड़क,रातभर चले जेसीबी, डंपर

*प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के बाद रात्रि 10 बजें से कार्यवाही प्रांरभ कर दी गई जो कि सुबह 7 बजें तक जारी रही। प्रशासन ने 9 घंटे में अतिक्रमण हटाकर सड़क का निर्माण कार्य किया। प्रषासन की कार्यवाही के दौरान कई समाजसेवी,ठेकेदार कैलाष कुमार ने सड़क बनाने के लिए रात भर प्रषासन का साथ तो दिया ही साथ में तो 2 जेसीबी, 2 डंपर, 6 टैज्क्टर ट्रॉली,3 चूरी मषीने,एक रोड रोलर,एक गेटर के साथ 20 मजदूरों ने सड़क निर्माण कार्य में पूरी रात काम कर सुबह सूरज की किरण निकलने से पहले ही सड़क तैयार की।*

#### एसडीएम हर्षल चौधरी बोले...

*शहर के सौदर्यकरण के लिए विधायक उमाकांत शर्मा का मार्गदर्षन मिल रहा है। विधायक उमाकांत शर्मा के अथक प्रयासो एंव शहर को सुंदर बनाने के लिए शहर का सौदर्यकरण व सडकों का चौडीकरण के लिए जो उन्होने रूप रेखा बनाई है उसके आधार पर स्थानीय प्रषासन उस क्षेत्र में कार्य कर रहा है। हमें खुषी है कि इस सौदर्यकरण व शहर के विकास में दलगत राजनीति से उठकर शहरवासियों कर जरे हमें सहयोग मिल रहा है हम सभी के अभारी है। क्योकि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए विधायक जी द्वारा कई निर्देष हमें दिए है उन्ही निर्देषो के पालन में प्रषासन द्वारा कार्यवाही की जा रही है। वही उन्होने कहा कि बासौदा नाके पर प्रषासन द्वारा जो अतिक्रमण पर कार्यवाही की गई है वह कार्यवाही शहर को सुदंर बनाने के लिए की गई है इस बासौदा नाके पर बासौदा, विदिषा, कुरवाई, गुना, आरोन रोड से बस स्टेण्ड के लिए जो वाहन आते थें और अतिक्रमण होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती थी साथ ही अक्सर दुर्घटनाओं का भय बना रहता था। लेकिन सड़क का चौडीकरण व अतिक्रमण हटने से उक्त चौराहा पर नागरिकों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नही करना पडेगा।*

#### लटेरी नाके पर दो पक्के मकानों को किया धराशाही

*बुधवार-गुरूवार की रात्रि तो स्थानीय प्रशासन पूरी रात अतिक्रमण पर कार्रवाई करता नजर आया। जिस कारण शहर के नागरिकों ने अंदाजा लगाया कि गुरूवार को अतिक्रमण मुहिम बंद रहेगी। लेकिन शहरवासियों का अंदाजा गलत साबित हुआ और गुरूवार दोपहर के समय अतिक्रमण मुहिम ने नगर के लटेरी नाके पर पहुचकर अतिक्रमण पर कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण कर बनाए गए दो पक्के मकानों को धाराषाही किया। क्योकि शहर के विकास में लटेरी नाका भी प्रमुख केन्द्र बिन्दु माना जाता है।*



### अशोक राजौरिया का विज्ञान महोत्सव के लिए चयन

**सागर।** भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2023 का 9वां संस्करण 17 जनवरी से 20 जनवरी तक भारत का मेगा विज्ञान मेला फरीदाबाद में ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीटयूट और जैव प्रौद्योगिकी परिसर में आयोजित किया जाएगा। आई आईएस एफ समृद्ध भारत की उन्नति के लिए विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषण में रचनात्मकता के लिए समर्पित है। शासकीय माध्यमिक शाला मढ़पिपरिया विकासखण्ड देवरी में पदस्थ माध्यमिक विज्ञान शिक्षक अशोक राजौरिया जिनको, राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान प्राप्त हो चुका है तथा, राज्य स्तरीय नवाचारी विज्ञान शिक्षक का पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। अपने नवाचारी शिक्षण से अभी तक मढपिपरिया गांव पांच बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के विज्ञान मेला हेतु चयनित करा चुके है। साथ ही शिक्षक अपने मागर्रदर्शन बीस बच्चों को राज्य स्तर के विज्ञान मेला हेतु चयनित करा चुके। तथा दो बच्चे राष्ट्रीय विज्ञान शोध हेतु चयनित हो चुके। शिक्षक इंस्पायर अवार्ड में अभी तक दस बच्चों को चयनित करा चुके है। बीस बच्चों का चयन राष्ट्रीय विज्ञान मंथन परीक्षा में करा चुके हैं। पश्चिम विज्ञान मेला, राज्य स्तरीय विज्ञान एवं गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी में बच्चो का राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर तथा 33 बच्चों का राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृति में चयन करा चुके है। वे राज्य स्तरीय मोगली महोत्सव में बच्चो का चयन करा चुके। अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव के चयन के सभी मापदंड को पूरा करने के कारण शिक्षक अशोक राजौरिया का चयन अंतराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव फरीदाबाद में शिक्षक संगोष्ठी नवाचार प्रदर्शन हेतु किया गया है। जिसमें उनके द्वारा अपने विज्ञान नवाचारों का प्रदर्शन देश एवं विदेश के वैज्ञानिकों के समक्ष किया जायेगा। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रधानमंत्री मंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किया जायेगा। एक नवाचारी विज्ञान शिक्षक अशोक राजौरिया ने अपनी प्रतिभा एवं नवाचारों के कारण जिले को गौरव का क्षण प्रदान किया है।

### वाहनों की भारी संख्या, तेज गति पर नहीं नियंत्रण

# नगर में सीसीटीवी कैमरों की तीसरी आंख से निगरानी की सिर्फ बातें हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



विधानसभा चुनाव पूर्व नगर के निवासियों, व्यापारियों एवं वाहन चालकों को गड्ढों, धूल भरी मुख्य सड़क की समस्या से निजात मिल गई। सड़क ठीक होने से अब दो पहिया, चार पहिया वाहनों की रफ्तार तेज हो गई है। नगर में हजारों की संख्या में दो पहिया, चार पहिया वाहन मुख्य सड़क पर मनमाने ढंग से दौड़ते और अन्यों के जीवन के लिए खतरा बन रहे हैं। सुरक्षित व्यवस्थित यातायात, वाहनों की गति नियंत्रण के लिए यातायात पुलिस भीड़ भाड़ वाले चौराहों, तिराहों से गायब बनी रहती है।

नगर का तेजी से विस्तार हुआ, उसी तेजी से नगर में दो पहिया, चार पहिया वाहनों की संख्या बढ़ गई है। नगर में एक भी पार्किंग स्थल निर्धारित नहीं है। वाहन चालकों द्वारा दुकानों के सामने सड़कों के दोनों किनारों पर वाहनों को खड़ा कर घंटों खरीददारी की जाती है। जिससे मुख्य बाजार, सड़कों पर जाम लगने की स्थिति बनती रहती है। मुख्य सड़क के किनारे स्थित बैंकों, बड़े प्रतिष्ठानों के पास भी वाहन खड़े स्थान न होने से वाहन मुख्य सड़क पर बने रहते हैं। बस स्टैंड से कालेज रोड तक आधा दर्जन अघोषित वाहन स्टेंड बने हुए है। पिपरिया मार्ग चौराह, तहसील, एसडीएम कार्यालय, स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक, यूनियन बैंक, पुराने थाने के सामने, कन्याशाला के सामने, बस स्टेंड के आसपास हमेशा दो पहिया, चार पहिया वाहनों, लोडिंग ऑटो वाहनों की भरमार रहने से सर्वाधित पैदल सफर जोखिम भरा बना रहता है।

#### चौदह स्थानों का चयन

भीड़भाड और ऐसे 14 स्थानों का चयन हुआ था, जहॉ सीसीटीवी केमरे जरूरी समझे गए थे। व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर अंदर, बाहर अपनी सुरक्षा के लिए कैमरे लगा रखे हैं। जब भी कोई बडी वारदात होती है। पुलिस अन्यों के लगे केमरो को खंगालने लगती है। जब तक नगर में व्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से सीसीटीवी केमरे लगा कर तीसरी आंख से निगरानी की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक पुलिस अपनी परंपरा के अनुसार ही आरोपियों की तलाश में भटकती रहने की स्थिति बनी रहेगी।

### हितग्राहियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**सागर।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आदेश अनुसार दीनदयाल अंत्योदय योजना अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहरी बेघरों के लिए आश्रय स्थलों में ठहरने वाले हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने और बेघर व्यक्तियों को राहत प्रदान करने शासन निर्देशों के परिपालन में ननि आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के आदेशानुसार नगर में संचालित आश्रय स्थलों में ठहरने वाले हितग्रहियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर उनके स्वास्थ्य की जांच की गई और निःशुल्क दवाईया वितरित की गई उल्लेखनीय है कि खुले बेघर अथवा फुटपाथ पर सोने वालों के लिए शासन की दीनदयाल अंत्योदय योजना के घटक राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत नपा निगम द्वारा नगर में 03 आश्रय स्थलों का संचालन किया जा रहा है।

# विकसित भारत यात्रा से जन-जन तक पहुंचाई जा रही योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

क्षेत्र की ग्राम पंचायत नोरजा एवं गुन्नौठा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद किया गया इस संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का है। छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ देना है। लाभ पाने वाले हितग्राहियों द्वारा उनके अनुभव भी कार्यक्रम के दौरान साझा किये जा रहे हैं। जिससे कि लोगों को प्रेरणा मिल सके। उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्थानीय लोगों के लिए पुरस्कृत किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कार दिया जा रहा है । कार्यक्रम में शासकीय विभागों के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का लाभ स्थानीय ग्रामीणों को दिया जा रहा है। आवेदन लिए जा रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी ने कहा है कि केंद्र सरकार की ऐसी मंशा है कि गांव में कोई भी व्यक्ति ऐसा न रहे जिसको शासन की योजना से वंचित होना पड़े। इसलिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर यात्रा निकाली जा रही है जिससे कि ग्रामीण अपनी ही ग्राम पंचायत में इस यात्रा के माध्यम से योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। 2047 तक भारत को विकासशील देश की श्रेणियां में खड़ा करना है। उसी उद्देश्य को लेकर हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि जो जिस स्थान पर है वहीं से अपना शत प्रतिशत योगदान पूरी ईमानदारी के साथ देश को प्रगतिशील बनाने में सहयोग करें एवं हम सब का कर्तव्य की हम सभी उनके इस संकल्प को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाएं एवं अपनी नैतिक जिम्मेदारी भी निभाएं । कार्यक्रम में स्थानीय सरपंच गुड्डी बाई भागवत कुर्मी, जनपद सदस्य अर्जुन सिंह घोसी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राजेश यादव भगवान सिंह दांगी, प्रताप सिंह रघुवंशी, शुभम मिश्रा, पुरुषोत्तम शाक्य, बृजनंदन विश्वकर्मा, नायक तहसीलदार राजेंद्र सेन सामाजिक सुरक्षा अधिकारी महेश कुशवाह सहित स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता विभागों के अधिकारी कर्मचारी ग्राम के सरपंच सचिव रोजगार सहायक सहित मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र एवं ग्रामीण काफी संख्या में मौजूद रहे।

# कृषि उपज मंडी में बना लाखों की लागत से किसान विश्राम गृह बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए अनेक योजनाए सुविधाए देने का प्रयास किया जा रहा है। परंतु निचले स्तर पर उनका क्रियान्वयन न होने से किसान सुविधाओं से वंचित बने हुए है। कृषि उपज मंडी प्रांगण में लाखो की राशि खर्च कर निर्मित हुआ किसान विश्राम ग्रह शुरू नहीं हुआ और क्षतिग्रस्त होने से उसका लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है। कड़ाके की सर्दी में धान की ट्रेक्टर ट्रालियां मंडी में लाने वाले किसान उपज की सुरक्षा में ट्रालियों पर ही सोते नजर आते हैं। किसानों की तौल सुविधा के लिए मंडी प्रांगण में ठेकेदार द्वारा लगाया गया धर्मकांटा वर्षो से बंद बना हुआ है। किसानों को तौल के लिए समय की बर्बादी मजबूरी बना हुआ है।

#### जरूरी किसान सुविधाओं की कमी

कृषि उपज मंडी में प्रतिदिन धान सहित अन्य उपज लेकर प्रतिदिन सेकडो किसान आते है। मंडी में किसानों को जिस प्रकार की सुविधाए मिलना चाहिए, उनका सर्वथा अभाव बना हुआ है। मंडी के नीलामी शेडो पर व्यापारियों का माल लगा रहता है। किसानों को खुले मैदान में उपज के ढेर लगा कर तौल का इंतजार करना पडता है। इसका कारण यह है, कि वर्षो से मंडी में लगा धर्मकांटा बंद है। किसानों को रिसायती दरों पर दौनो समय भोजन मिलना चाहिए इसकी भी व्यवस्था मंडी में चालू नहीं है। किसान रात्रि में सुविधापूर्ण ढंग से रात्रि विश्राम कर सकें, इसके लिए बना किसान विश्राम ग्रह वर्षो से बंद बना हुआ है। इन जरूरी सुविधाओं में बनी कमी के कारण किसान हमेशा हैरान परेशान बने नजर आते है।

#### धर्मकांटा बंद, ठेकेदार गायब

वर्षो पूर्व ठेकेदार के माध्यम से मंडी बोर्ड ने मंडी प्रांगण में धर्मकांटे की व्यवस्था की। कुछ महिनों धर्मकांटा की तौल व्यवस्था जारी रही और पिछले 4-5 वर्षो से बंद बनी हुई है। प्रतिदिन सेकडो ट्रेक्टर, ट्रालियों में धान या अन्य उपज मंडी में आती है। हजारो कु. उपज की तौल धर्मकांटे पर न होकर मंडी में ढेर लगा कर किए जाने की व्यवस्था से किसानों का समय अनावश्यक रूप से बर्बाद हो रहा है। धर्मकांटा लगाने वाला ठेकेदार वर्षो से गायब है, और मंडी प्रशासन दूसरे धर्मकांटे की व्यवस्था भी नहीं कर पा रहा है।

# संकल्प पूरा होने पर: राज्यमंत्री पटेल ने कार्यकर्ता को पहनाएं जूते



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ता माधो सिंह धाकड़ ने नरेन्द्र शिवाजी पटेल के टिकट मिलने से विधायक बन जाने तक जूते चप्पल न पहनने का संकल्प लिया था।

माधो सिंह का संकल्प पूरा हुआ और नरेन्द्र शिवाजी पटेल लगभग 42 हजार मतों के भारी अंतर से चुनाव जीते और मप्र के मंत्री मंडल में राज्यमंत्री के रूप में स्थान भी मिला। भाजपा के निष्ठावान सक्रिय कार्यकर्ता का संकल्प पूरा होने पर रामलीला मैदान में हुई आभार सभा के दौरान माधो सिंह धाकड़, पूर्व जनपद सदस्य ग्राम खैरवाडा को मंच पर बुला कर राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने जोरदार स्वागत किया और धाकड को अपने हाथो से नये जूते भी पहिनाये। दृश्य देख उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता हर्षोल्लास से तालिया बजाते रहे।

### राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल का कल्चुरी समाज ने किया स्वागत

**बरेली।** प्रदेश की भाजपा डॉ. मोहन यादव की सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में शपथग्रहण करने वाले दिलीप जायसवाल भोपाल से अनूपपुर जाते समय बरेली में रूके। अर्पणा राइस मिल पर कल्चुरी समाज बंधुओं द्वारा जायसवाल का पारिवारिक माहौल में आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर जायसवाल को बरेली को जिला बनाने की आवश्यकता एवं समाज के लिए कार्यो पर लम्बी चर्चा की गई।

#### भरपूर सहयोग का भरोसा दिलाया

राज्यमंत्री का अर्पणा राइस मिल में स्वागत के दौरान समाज के वरिष्ठ महेन्द्र वर्मा, राजेश वर्मा, हीरेन्द्र मालवीय नगर व्यापारी संघ अध्यक्ष, अनिल वर्मा, अमित राय, अर्पित मालवीय, नीलेश मालवीय, अंशुल वर्मा, दीपक वर्मा, सचिन वर्मा, सुमित वर्मा, राममोहन राय, नितिन राय, नितिन वर्मा, अमिताभ वर्मा एवं कल्चुरी समाज के लोगो की खासी उपस्थिति रही। राज्यमंत्री जायसवाल ने बरेली को जिला बनाने एवं कलार समाज के लिए हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया।

# स्कूल की भूमि पर मजार बनाकर कब्जे की शिकायत



**कुरवाई।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड कुरवाई के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार संदीप शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अवैध निर्माण की समस्या के बारे में बताते हुए बताया कि कुरवाई नगर बीना तिराहा पर स्थित एकीकृत शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय की भूमि पर मजार बनाकर अवैध कब्जा किया गया है जो की दिन प्रतिदिन बढ़ाया जा रहा है और शासकीय स्कूल की भूमि को कब्जे में लिया जा रहा है विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की कार्यकर्ताओं ने स्कूल की भूमि की नपती करवा कर अवैध कब्जा को मुक्त करबाने और अवैध कब्जा करने वाले लोगों पर उचित कार्रवाई की मांग कि ह । ज्ञापन सौंपने के दौरान सचिन यादव बजरंग दल विभाग से संयोजक, मनजीत तिवारी जिला सहसंयोजक बजरंग दल, रवि विश्वकर्मा ,संदीप सिंह दांगी, देवेंद्र सिंह दांगी, सुनील ,करतार दांगी, योगेंद्र पवार ,सोनू साहू ,राजा ,सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे ।

## लोगों के घरों तक नहीं पहुंच पाई नल जल योजना, एक-एक बूंद पानी के लिए भटक रहे हैं ग्रामवासी

# भंवरखेड़ी हिनोतिया में पीने के पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण करोड़ों खर्च फिर भी नलजल योजना का काम नहीं हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

मध्यप्रदेश सरकार ने पीने का पानी घर-घर तक पहुंचाने के लिए नल जल योजना बनाई है। योजना के तहत रायसेन जिले में शासन के करोड़ों रुपये खर्च कर नल के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाने का दावा किया गया। मगर आज भी जिले के कई गांव ऐसे हैं जहां नल जल योजना नहीं पहुंच पाई है और ग्रामीण एक-एक बूंद पानी के लिए भटकते रहते हैं।

ऐसा ही एक मामला देखने को मिला है जिले के विकासखंड अंतर्गत आने वाला ग्राम भंवरखेड़ी हिनोतिया में स्वीकृति के बाद भी नलजल योजना के तहत अब तक पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है। जिससे ग्रामीण परेशान है और दो हैंडपंप के सहारे पूरा गांव है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि एक हैंडपंप तो हमेशा खराब रहता है वहीं दूसरे हैंडपंप में भी गंदा पानी आता है। उस पर भी ग्रामीणों की भीड़ रहती है। जिससे आए दिन महिलाओं में पानी को लेकर लड़ाई झगड़े होते हैं।

वहीं हैंडपंप का पानी पीने योग्य नहीं है, गंदा पानी आता है। ग्रामीण महिलाएं खेतों के ट्यूबवेल से पानी भरने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि कई बार कलेक्ट्रेट कार्यालय जनसुनवाई में आवेदन दे चुके हैं मगर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई।



**पेयजल के लिए करना पड़ रही जद्दोजहद**



**इनका कहना है**

*गांव में नलजल योजना नही है। सिर्फ एक ही हैंडपंप से पूरे ग्रामीण पीने का पानी भरते हैं। इसी समस्या के समाधान को लेकर में क्षेत्रीय विधायक और पूर्व मंत्री को अवगत कराने के साथ ही दो बार रायसेन कलेक्ट्रेट कार्यालय में भी आवेदन दे चुका हूं। लेकिन समस्या के समाधान की जगह हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिलता है।*

*- चरण सिंह, जनपद सदस्य प्रतिनिधि।*

**ग्रामीणों की दास्तां** *स्थानीय रहवासी संगीता प्रजापति ने बताया कि हमारे गांव में पानी की बहुत बड़ी समस्या है। यहां पर 1 ही हैंडपंप होने की वजह से सुबह से ही पानी भरने के लिए महिलाओं की लंबी लंबी लाइने लगती हैं। जब वोट लेना होता हैं तो नेता हमें कहीं बहन बना लेंगे हमारे पेर पड़ेंगे। परन्तु जब समस्या होती है तो कोई नही आता समस्या खत्म करने।*

## चोरों ने बिजली सबस्टेशन पर चोरी की वारदात को दिया अंजाम

# चोरों ने जेक लगाकर उतारा ट्रांसफार्मर क्वाइल व ऑयल पर किया हाथसाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर/दीवानगंज

थाना क्षेत्र के जमुनिया खेजड़ा गांव के पास चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। अज्ञात चोरों ने बिजली वितरण कंपनी के सब स्टेशन पर लगे हुए हेवी 3:15 एमबीए के ट्रांसफार्मर को जेक लगाकर नीचे गिराया और उसमें से लगभग तीस लाख रुपए कीमत का 7631 किलो कॉपर क्वाइल, 3068 लीटर ऑयल, 1 बैट्री सेट और 480 एम कंट्रोल केवल चोरी कर लिए। सलामतपुर पुलिस ने फरियादी विद्युत वितरण कंपनी के जेई मनीष कुमार की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 380 आईपीसी और 136 विद्युत अधिनियम का मामला दर्जकर विवेचना शुरू की है। वहीं चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर रायसेन से बिजली वितरण कंपनी के आला अधिकारी पहुंच गए थे।

**सब स्टेशन से वेलस्पन फैक्ट्री और कई गांवों में होती थी बिजली सप्लाई:** जमुनिया खेजड़ा में बनाए गए बिजली के सब स्टेशन से वेलस्पन फैक्ट्री और आसपास के गांवों में बिजली सप्लाई की जाती थी। यहां पर 3:15 एमबीए क्षमता का हेवी ट्रांसफार्मर रखा गया था। इसको रिज़र्व करके रखा जाता था। घटना वाली रात्रि इसमें बिजली सप्लाई चालू नही थी। ये ट्रांसफार्मर इतना हेवी होता है कि इसको रखने के लिए हेवी क्रेन की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन चोरों ने इसे जेक लगाकर नीचे गिरा दिया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

बताया जा रहा है कि यहां पर दो ऑपरेटर की भी नियुक्ति की गई है। जो दो शिफ्टों में ड्यूटी करते हैं। लेकिन चोरी की घटना वाली रात्रि में यहां पर दोनों ही आपरेटर मौजूद नही थे। इसलिए चोरों ने आसानी के साथ वारदात को अंजाम दिया।

**खास बातें**

- जमुनिया खेजड़ा गांव का मामला सलामतपुर पुलिस ने किया चोरी का मामला दर्ज
- चोरी हुए सामान का बाजार मूल्य करीब 30 लाख रुपए



**शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा**

जेई की रिपोर्ट पर धारा 380 आईपीसी और 136 विद्युत अधिनियम का मामला दर्ज किया है। कुछ इनपुट मिले हैं, जिसके आधार पर शीघ्र ही चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**दिनेश सिंह रघुवंशी**, थाना प्रभारी सलामतपुर।

**जमुनिया खेजड़ा सब स्टेशन पर हुई चोरी की घटना**

जमुनिया खेजड़ा सबस्टेशन पर चोरी की घटना हो गई है। जिसमें चोर बिजली ट्रांसफार्मर से कॉपर क्वाइल, ऑयल, बैट्री सेट और कंट्रोल केवल चुरा ले गए हैं।

**मनीष कुमार**, जेई विद्युत वितरण कंपनी सलामतपुर सांची।

# रेत खदानों से जमकर किया जा रहा रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन

*» ठेकेदार अपनी गुंडागर्दी का खुला प्रदर्शन करते हुए क्षेत्रीय किसानों से बसूल रहा 3 हजार रुपए प्रति ट्रॉली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

रायसेन जिले की बाड़ी बरेली तहसील अंतर्गत लगभग 56 रेत खदाने आती हैं जो कि प्रदेश की राजनीति में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। विगत वर्षों से इन खदानों से जमकर अवैध रेत परिवहन उत्खनन किया गया जिसकी चर्चाएं अखबारों की सुर्खियां बनी और बात दिल्ली तक पहुंची किन्तु जब बात दिल्ली पहुंची तो राजनीति इतनी गरमाई की उदयपुरा विधानसभा से अदना व्यक्ति भी विधायक बनने की जुगत लगाने लगा।

क्योंकि यह एक ऐसी विधानसभा है जिसमें यदि विधायक मां नर्मदा के प्रकोप की चिंता ना करे तो वह रातोंरात करोड़पति बन जाए। वास्तविक में फिलहाल यही देखा जा रहा है, जो भी इस विधानसभा से निर्वाचित होता है उसकी सीधी नजर केवल रेत खदानों पर रहती है। यही कारण है इस विधानसभा से किसी भी दल का नेता दोबारा चुनाव नहीं जीतता, क्योंकि हर विधायक मां नर्मदा का सीना छलनी कर मां नर्मदा का दोहन करता है। जिनके प्रकोप के चलते वह दोबारा चुनाव में पराजित होता है। शिवराज सरकार में इन खदानों के ठेकेदार द्वारा किए जा रहे अबैध रेत उत्खनन परिवहन की खबरें भी प्रकाशित हुईं और शिकायते भी किन्तु शासन प्रशासन ने ठेकेदार पर कार्यवाही करने के बजाए पूर्ण संरक्षण दिया। ठेकेदार पूर्व की सरकार में भाजपा के मंत्री विधायकों की साठगाठ से अबैध रेत उत्खनन परिवहन करता आ रहा है। अब मोहन यादव की सरकार में सरकार के सख्त रबैये देखे गए तो क्षेत्रीय लोगों में न्याय को लेकर नई किरण जागी है।



**रेत खदानों पर ठेकेदार की चल रही गुडांगर्दी**

*11.4वर्तमान में भी ठेकेदार अपनी गुंडागर्दी का खुला प्रदर्शन करते हुए किसानों से 3 हजार रुपये प्रति ट्रॉली वसूल रहा है, जिसमें ट्रेक्टर-ट्रॉली वालों को किसी प्रकार की वैध रॉयल्टी नहीं दी जाती है। यदि वाहन स्वामी ठेकेदार या इनके बदमाशों की शिकायत करते हैं तो यह माइनिंग को बुलाकर उन पर केस बनवाते हैं या ड्रायवर तथा वाहन स्वामियों को मारपीट कर उनके वाहनों को अपने पास पांच-पांच दिन खड़ा कराकर उनसे मनचाहे पैसे वसूलते हैं। इतना ही नहीं ठेकेदार ट्रेक्टर ट्रॉली बालों से 3 हजार लेने के बावजूद भी इनके वाहनों की रेत अपने नाके पर यह कहकर खाली कराता है कि ओवर माल नहीं जाने देंगे और बाद में उसी रेत को स्वयं बिक्रय कर अपनी जेब गर्म करता है। जबकि एक तो ठेकेदार स्वयं अवैध रेत उत्खनन परिवहन कर रहा है ऊपर से ट्रेक्टर ट्रॉली बालों को नियमों का हवाला देकर उनकी रेत खाली करवाता है ।*

# राष्ट्रीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता में हुआ महक, आरती, वर्षा व खालिद का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

67वीं राष्ट्रीय शालेय अंडर 14 हॉंकी प्रतियोगिता 28 दिसंबर से 1 जनवरी 2024 ग्वालियर में भाग लेने वाली 18 सदस्यीय मध्यप्रदेश बालिका टीम में हॉंकी फीडर सेंटर मंडीदीप रायसेन की चार खिलाड़ी कु. महक मालवीय, कु. आरती कोंदल, कु. वर्षा डिंडोरे एंव बालक टीम में खालिद खान का चयन किया गया है।

जिले के इन चार खिलाड़ियों का चयन होने पर कलेक्टर अरविंद दुबे, पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जलज चतुर्वेदी, प्रशिक्षक प्रहलाद राठौर तथा संध्या मेहरा ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं। जिले के यह



चारों खिलाड़ी होने वाले राष्ट्रीय शालेय हॉकी प्रतियोगित में दमखम दिखाएंगे।

# दुर्घटनाओं को रोकने की एसडीएम की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

एसडीएम सौरभ मिश्रा द्वारा आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के मद्देनजर वाहनों पर पीछे रेडियम पट्टी लगवाने का अभियान कृषि उपज मंडी प्रांगण से शुरू किया है।

एसडीएम सौरभ मिश्रा जोकि कृषि उपज मंडी समिति के भारसाधक अधिकारी है आज मंडी प्रांगण पहुंचे और मंडी में आए चार पहिया एवं दो पहिया वाहन का निरीक्षण किए जाने के उपरांत संभावित दुर्घटनाओं के मद्देनजर सभी वाहनों में पीछे रेडियम पट्टी लगाने का अभियान शुरू कराया । कृषि उपज मंडी में उपज बेचने आने वाले किसानों के ट्रैक्टर-ट्राली एवं पिकअप वाहनों सहित दो पहिया वाहनों के पीछे भी रेडियम पट्टी लगाई गई। गुरुवार को चले विशेष अभियान के तहत 53 चार पहिया वाहनों पर रेडियम पट्टी लगाई गई है।



बताया गया है कि जिन वाहनों पर पीछे रेडियम पट्टी नहीं रहती है । वह घने कोहरे और अंधेरे में नजर नहीं आते हैं और दुर्घटना का कारण बनते हैं। ऐसी असंभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एसडीएम सौरभ मिश्रा द्वारा चलाए गए उक्त अभियान की किसानों एवं नागरिकों द्वारा मुक्त कंठ से प्रशंसा की जा रही है ।

कृषि उपज मंडी समिति के मंडी निरीक्षक विलियम जॉर्ज ने बताया कि मंडी के प्रशासक एवं एसडीएम सौरभ मिश्रा की पहल पर आज 53 चार पहिया वाहनों में रेडियम पट्टी लगाई गई है। उक्त अभियान एक सप्ताह तक सतत रूप से चलाया जाएगा, ताकि कोई भी वाहन बिना रेडियम पट्टी के ना रह सके और कुछ हद तक दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके ।

# सेमरी के स्टॉप डैम में डूबने से युवक की मौत

**बेगमगंज**। नगर के हदाईपुर वार्ड नंबर 16 निवासी कमलेश जाटव उम्र करीब 35 वर्ष दोपहर के समय सेमरी नदी के नैन विलास घाट पर बने स्टाप डेम पर नहाने के लिए गया हुआ था वहां अन्य लोग भी नहा रहे थे। इसी बीच वह गहरे पानी में पहुंचकर डूब गया वहां मौजूद अन्य लोग जब तक उसे बचाने के लिए पहुंचे और पानी से निकाल कर सिविल अस्पताल लेकर आए डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से क्षेत्र में शोक छाया हुआ है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

पुलिस ने शव का पीएम करा कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। इस संबंध में जांच पुलिस अधिकारी हरिओम चौबे का कहना है नहाते समय डूबने से युवक की मौत हुई है मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

## जटायु ने रोका रास्ता तो रावण ने काटे पंख, प्रभु राम के हाथों जटायु का उद्धार

# साधु का भेष धारण कर लंका पति रावण ने किया सीता का हरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गुरुवार को रामलीला में सीता हरण प्रसंग की लीला का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया जिसे देखकर रामलीला में मौजूद दर्शक भी मंत्र मुग्ध हो गए। लीला के अनुसार सूर्पनखा अपने भाई लंकापति रावण के पास जाकर अपनी पूरी दास्तान सुनाती है कि भैया पंचवटी पर दो तपस्वी बालक हैं, जिसमें से एक ने मेरी नाक काट दी। उन्होंने खरदूषण को भी मार दिया।

सूर्पनखा की इतनी बात सुनकर रावण किरोधित हो जाता है और कहता है कि हे बहन तुम चिंता मत करो तुम्हारी नाक का बदला में जरूर लूंगा और रावण दंडक वन में मामा मारीच से भेंट होती है। यहां पर मारीच और रावण योजना बनाते हैं कि हे मारीच तुम मेरा एक काम करो तुम मायावी सोने का मृग बनकर सीता के पास जाओ क्योंकि फिर मेरा काम सिद्ध हो जाएगा।

इस प्रकार से मारीच सोने का मृग बनकर वन की ओर चल देते हैं। विचरण करते हुए घूमते हैं इसी समय माता सीता की निगाह सोने के मृग की ओर जाती है तो वह मन ही मन प्रभावित होती हैं और वह प्रभु श्रीराम से इसको पकड़ लाने के लिए बोलती हैं। भगवान राम सीता से कहते हुए लक्ष्मण जी को समझते हैं कि तुम इनका ध्यान रखना मैं मृग को पकड़ने के लिए जा रहा हूं और वन में मृगा के पीछे-पीछे चल देते हैं। परंतु वह इधर-उधर भागते हुए घूमता है आगे आगे चलता है और प्रभु श्री राम उसके पीछे-पीछे चलते हैं।

आगे चलकर भगवान राम इस मृग को वान मार देते हैं जिससे वह घायल होकर पृथ्वी पर गिर जाता है और उसके मुंह से राम-राम की आवाज आती है। इधर यही आवाज जब माता सीता के कानों में पड़ती है तो वह पहरे पर लक्ष्मण थे उनसे कहती है कि हे लक्ष्मण हो न हो यह मेरे स्वामी राम की आवाज है वह किसी बड़े धर्म संकट में फंस गए हैं आप जाकर देखो। इधर लक्ष्मण जी माता सीता को समझाते हुए लक्ष्मण रेखा खींचते हैं और वन की ओर चल देते हैं, इधर रावण माता सीता का हरण कर ले जाता है। सीता को ढूंढते ढूंढते वन में भगवान विचरण करते हैं तभी उन्हें राम-राम की आवाज सुनाई देती है तो उन्हें जटायु पृथ्वी पर पड़ा मिलता है जहां जटायु से भगवान राम ने भेंट करते हुए पूछा कि यह हाल तुम्हारा किसने किया। तब जटायु ने भगवान राम को बताया कि लंका का राजा रावण आकाश मार्ग से सीता को हर कर ले गया है मैंने उसका रास्ता रोककर विरोध किया तो उसने मेरे ही पंख काट दिए और मेरी यह हालत कर दी।

भगवान राम ने जटायु की बातों को ध्यान से सुन उसका उद्धार कर दिया। आकर्षक प्रसंग की लीला को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे थे।





**आज शुक्रवार को सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध की होगी लीला**

*रामलीला मेला आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी सी एल गौर ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को रामलीला मैदान में स्थानीय कलाकारों द्वारा श्री राम सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध की लीला का मैदानी आकर्षक मंचन किया जाएगा, अब रामलीला मेले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में दर्शक मेले का आनंद लेने के लिए आ रहे हैं।*

## सत्र 2024-25 में प्रवेश को लेकर अभियान

# कॉलेज चलो अभियान को लेकर शास. कॉलेज सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चलाया जा रहा कॉलेज चलो अभियान का सफल संचालन नगर के शासकीय महाविद्यालय में किया जा रहा है। इसके तहत उच्चतर माध्यमिक स्कूलो में पहुंचकर विद्यार्थियो से संपर्क कर कॉलेज में प्रवेश लिए जाने को प्रेरित किया जा रहा है।

मप्र शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों द्वारा सत्र 2024-25 को लेकर कॉलेज चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीडी खरवार के निर्देशन में शासकीय महाविद्यालय सिलवानी द्वारा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलवानी में 12वीं में अध्यनरत छात्रों के बीच पहुंच कर कॉलेज चलो अभियान के माध्यम से प्रवेश संबंधी निर्देश दिए गए एवं आमंत्रण भी दिया गया। कॉलेज चलो अभियान की टीम में वरिष्ठ प्राध्यापक मनोहरलाल कोरी ने महाविद्यालय में चल रही शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी।



कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्यामलाल साहू के द्वारा महाविद्यालय में संचालित संकाय के बारे में जानकारी दी गई। कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी डॉ लक्ष्मीकांत नेमा ने न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 एवं कैरियर निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को दी ।